दिनांकः 08.08.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- जयपुर में आज अक्षय ऊर्जा बिजनेस प्रमोशन समिट का आयोजन–पवन, सौर तथा गैस आधारित बिजली संयंत्रों के लिए होंगे एमओयू।
- राज्य में विभिन्न स्थानों पर बरसात का दौर जारी–भारी बारिश वाले इलाकों का प्रभारी मंत्रियों ने किया दौरा।
- सरिस्का टाइगर रिजर्व स्थित पांडुपोल हनुमान मंदिर के लिए अगले साल से चलाई जाएंगी इलेक्ट्रिक शटल बसें।
- पेरिस ओलम्पिक्स में आज भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा स्वर्ण पदक के लिए ज़ोर आजमाएंगे।

.....................

जयपुर में आज अक्षय ऊर्जा बिजनेस प्रमोशन समिट–2024 आयोजित की जाएगी। ऊर्जा विभाग की ओर से राजस्थान इन्टरनेशनल सेन्टर में होने वाले इस सम्मेलन में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर मौजूद रहेंगे। विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आलोक ने बताया कि अक्षय ऊर्जा के विकास तथा इससे संबंधित स्टेक होल्डर्स को एक मंच प्रदान करने के उद्देश्य से इस सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर, पवन तथा सौर ऊर्जा संयंत्र और गैस आधारित बिजली संयंत्रों के लिए राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम तथा केन्द्रीय सार्वजनिक उपक्रम गेल इंडिया लिमिटेड के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किये जाएंगे। इसके माध्यम से राज्य में 4 हजार 200 करोड़ रूपये का निवेश होगा। सम्मेलन में अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं से संबंधित स्टेक होल्डर्स वित्तीय संस्थान, ईपीसी वेण्डर और सौर उपकरणों के निर्माता भाग लेंगे।

.....................

प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर बारिश का दौर जारी है। करौली में देर रात से हो रही बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है। धौलपुर और चूरू में हो रही तेज बारिश के कारण सड़कों पर पानी भर गया है। इससे लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सवाईमाधोपुर जिला मुख्यालय सहित आस–पास के इलाकों में हल्की बरसात हो रही है। भरतपुर में पिछले दो दिन से रुक–रुक कर बरसात हो रही है। इससे जलाशयों में पानी की जोरदार आवक हो रही है। निचले इलाकों में भरे पानी की निकासी के लिए प्रशासन लगातार प्रयास कर रहा है। कोटपूतली–बहरोड़ जिले में भी रिमझिम बारिश का दौर जारी है।

इधर, राजधानी जयपुर में पिछले तीन चार दिन से लगातार रुक–रुक कर पानी बरस रहा है। भारी बारिश के चलते जैसलमेर का रेलसम्पर्क जोधपुर और बीकानेर से कट गया है। पशुपालन और गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने जिले का दौरा किया। उन्होंने अधिकारियों को बारिश से हुए नुकसान का सर्वे कराने और प्रभावित लोगों को जल्द से जल्द राहत पहुंचाने के निर्देश दिये।

.....................

पाली में हुई बारिश के बाद जल भराव वाले इलाकों का प्रभारी मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक के साथ निरीक्षण किया। उन्होंने प्रभावितों को तुरंत राहत पहुंचाने को कहा। मौसम विभाग ने आज भरतपुर, धौलपुर, करौली, दौसा, अलवर, सवाईमाधोपुर, झुंझुनूं और सीकर जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी कर कहा है कि इन जिलों में कहीं–कहीं भारी वर्षा की भी संभावना है। जयपुर के लिए आज येलो अलर्ट जारी किया गया है।

.....................

सलूम्बर से भाजपा विधायक अमृतलाल मीणा का हृदयघात से निधन हो गया है। कल शाम सीने में दर्द की शिकायत होने पर उन्हें उदयपुर के महाराणा भूपाल अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने श्री मीणा के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि ये भाजपा परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। मुख्यमंत्री ने उनके परिजनों को दुख की इस घड़ी को सहन करने की ईश्वर से प्रार्थना की।

....................

सरिस्का टाइगर रिजर्व स्थित पांडुपोल हनुमान मंदिर के लिएयात्रियों की आवाजाही के लिए अगले साल से निजी वाहनों की जगह इलेक्ट्रिक शटल बसें चलाई जाएंगी। राज्य सरकार ने उच्चतम न्यायालय को इस बारे में आश्वस्त किया है। इसके साथ ही राज्य सरकार बफर जोन में चल रहे होटल और रेस्त्रां के अवैध संचालन का परीक्षण करेगी। राज्य सरकार के अतिरिक्त महाअधिवक्ता शिवमंगल शर्मा ने कल सुप्रीम कोर्ट को वन और वन्य जीवों के संरक्षण से जुडे मामले की सुनवाई के दौरान यह आश्वासन दिया। श्री शर्मा ने अदालत को कहा कि इन सभी मुद्दों पर राज्य के मुख्य सचिव के साथ चर्चा कर क्षेत्र में टाइगर के आवास के उचित प्रबंधन को सुनिश्चित करने के लिए जरूरी कदम उठाए जाएंगे। मामले की आगामी सुनवाई 20 सितम्बर को होगी।

....................

और अब खबरें पेरिस ओलम्पिक की –

पेरिस ओलम्पिक्स में आज मौजूदा ओलम्पिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा अपना फाइनल मुकाबला खेलेंगे। वहीं, पुरूष हॉकी टीम कांस्य पदक के लिए स्पेन के साथ खेलेगी। कुश्ती में भारत के एकमात्र पुरूष पहलवान अमन सहरावत 57 किलोग्राम भार वर्ग फ्रीस्टाइल स्पर्धा में भाग लेंगे। महिला पहलवान अंशु भी महिलाओं की 57 किलोग्राम भार वर्ग फ्रीस्टाइल स्पर्धा में अपनी किस्मत आजमाएंगी। इससे पहले कल, भारतीय भारोत्तोलक एस. मीराबाई चानू को महिलाओं की 49 किलोग्राम फाइनल स्पर्धा में हार का सामना करना पड़ा। वे चौथे स्थान पर रहीं। भारत के शीर्ष धावक अविनाश साबले तीन हजार मीटर की स्टीपलचेज दौड़ में अपनी गति बनाये रखने में असफल रहे।

इस बीच, भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट ने कल कुश्ती के फाइनल मुकाबले में वज़न बढ़ने के कारण अयोग्य घोषित किये जाने के बाद खेल से सन्यास लेने की घोषणा कर दी है। उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी दी। विनेश फोगाट स्वर्ण पदक के पचास किलोग्राम वर्ग में खेले जाने वाले फाइनल मुकाबले से पहले कुछ ग्राम भार अधिक होने के कारण अयोग्य घोषित कर दी गई थी।

....................

शाहपुरा जिले के कोठिया में दो वर्षीय बालिका में चांदीपुरा वायरस की पुष्टि हुई है। ये बालिका अहमदाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती है। ये बच्ची कोठिया पंचायत की इटड़िया गांव की रहने वाली है।

....................

केन्द्र सरकार ने राष्ट्रीय पात्रता प्रवेश परीक्षा–नीट पीजी 2024 के प्रश्न पत्र के लीक होने की खबरों को खारिज कर दिया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने ऐसी खबरों को गलत और भ्रामक बताया है। मंत्रालय ने कहा है कि सभी परीक्षार्थियों को आश्वासन दिया गया है कि नीट पीजी 2024 परीक्षा के प्रश्न पत्र अभी तक राष्ट्रीय चिकित्सा विज्ञान परीक्षा बोर्ड ने तैयार नहीं किए हैं। मंत्रालय ने कहा कि सोशल मीडिया में किए गए पेपर लीक के दावे फर्जी हैं। मंत्रालय ने परीक्षार्थियों को ऐसे असामाजिक तत्वों के बहकावे में न आने या गुमराह न होने के प्रति सचेत किया है।

....................

प्रदेश में अब सरकारी कार्यों के लिए जूम मीटिंग एप का उपयोग करने पर रोक लगा दी गई है। प्रशासनिक सुधार और समन्वय विभाग की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि इसे लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने दिशा निर्देश जारी किए हैं। साइबर सुरक्षा के तहत इस एप को सरकारी कार्य के लिए असुरक्षित माना गया है। ऐसे में अब राज्य सरकार ने इसके इस्तेमाल पर पूरी तरह से रोक लगा दी है। मंत्रालय ने कहा है कि ये एप सुरक्षित नहीं है। लोग इसका सावधानी से इस्तेमाल करें।

....................

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की दसवीं और बारहवीं की पूरक परीक्षाएं 12 से 14 अगस्त तक आयोजित की जाएंगी। इन परीक्षाओं में 38 हजार 152 परीक्षार्थी शामिल होंगे। बोर्ड के सचिव कैलाश चन्द्र शर्मा ने बताया कि ये परीक्षाएं 50 जिलों के 167 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होंगी। पूरक परीक्षाओं में दसवीं के 34 हजार 467 और बारहवीं के 7 हजार 685 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं।

....................